**ASIAN AMERICAN LEGAL DEFENSE AND EDUCATION FUND**
*99 HUDSON STREET, 12 FL • NEW YORK, NY 10013 • 212.966.5932 • www.aaldef.org*

# जनगणना और राजनीतिक प्रतिनिधित्व – जिलों की सीमा का पुन: निर्धारण (रीडिस्ट्रिक्टिंग)

जनगणना का प्रयोग जिलों की सीमा के पुन: निर्धारण (रीडिस्ट्रिक्टिंग) के लिए आधार के रूप में किया जाता है, जिससे समुदायों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व तय होता है। लोगों को ''डिस्ट्रिक्ट'' में वर्गीकृत किया जाता है जिससे वे सिटी काउंसिल, स्टेट सीनेट, और यू.एस. हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स के लिए प्रतिनिधि चुन सकें। अमेरिका के संविधान में यह शासनादेश होता है कि प्रत्येक टाइप के डिस्ट्रिक्ट में लगभग समान सं या में लोग हों। उदाहरण के लिए, दस सिटी काउंसिल मे बर वाले 100,000 लोगों के शहर को जिला सीमाएं इस तरह खींचनी चाहिए ताकि प्रत्येक काउंसिल मे बर के प्रतिनिधित्व वाले प्रत्येक जिले में लगभग 10,000 लोग हों।

**जिलों का पुन: निर्धारण जनगणना पर आधारित होता है**
आबादी में परिवर्तनों का निर्धारण करने के लिए प्रत्येक दस वर्षों में जनगणना की जाती है। लोगों के दूसरे स्थान में चले जाने तथा समुदायों के बढ़ने या घटने के कारण प्रत्येक जिले की सीमाओं को नए जनगणना आंकड़ों के अनुसार पुन: निर्धारित किया जाता है। इस प्रक्रिया को ''रीडिस्ट्रिक्टिंग'' (जिलों की सीमा का पुन: निर्धारण) कहा जाता है।

**एशियन अमेरिकन के लिए रीडिस्ट्रिक्टिंग महत्वपूर्ण होता है**
रीडिस्ट्रिक्टिंग, समुदायों को एक साथ रखकर एशियन अमेरिकन लोगों का राजनीतिक प्रभाव और प्रतिनिधित्व बढ़ाने का एक अवसर होता है। लेकिन, रीडिस्ट्रिक्टिंग एशियन अमेरिकन लोगों के पास-पड़ोस को बांट या ''बदल'' भी सकता है, जिससे समुदाय की मतदान क्षमता कमजोर पड़ सकती है।

**एशियन अमेरिकन के लिए रीडिस्ट्रिक्टिंग विकल्प**
जनगणना आंकड़े किन्हीं विशेष भौगोलिक क्षेत्रों, जैसे शहरों, काउंटी, पास-पड़ोस या स्ट्रीट ब्लॉक में रह रहे लोगों की सं या, नस्ल, और अन्य विशेषताएं दर्शाते हैं। इन आंकड़ों का प्रयोग करके समान रुचि वाले एशियन अमेरिकन को समूहबद्ध करने के लिए जिलों की सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं ताकि वे अपनी पसंद के उ मीदवार चुन सकें। यदि जनगणना में यह पता चलता है कि एशियन अमेरिकन समुदाय सं या में बड़ा और रिहाइश के रूप में घना है, तो निम्न जिले बनाए जा सकते हैं।

- ''**एशियन अवसर वाले जिले**'' – ऐसे जिले जहां एशियन अमेरिकन लोग अधिक सं या में मतदाता हों (कम से कम 50 %)। यहां एशियन अमेरिकन लोग जिले के प्रतिनिधि को चुन पाएंगे।
- ''**एशियन प्रभाव वाले जिले**'' – ऐसे जिले जहां एशियन अमेरिकन लोग जिले की आबादी का पर्याप्त हिस्सा बनते हैं (संभवत: 20-30 %) और अनेक उ मीदवारों में से चुनाव का परिणाम तय कर सकेंगे।
- ''**अनेक नस्ल वाले जिले**'' – ऐसे जिले जहां एशियन अमेरिकन के साथ-साथ समान रुचि वाले दूसरे अल्पसं यक समूह के लोग होते हैं। यद्यपि एशियन अमेरिकन अकेले बहुमत से कम हो सकते हैं, वे अल्पसं यक समूहों के साथ मिलकर बहुमत बना लेते हैं। वे साथ-साथजिले का प्रतिनिधि चुन सकते हैं।




**अगला चरण**
एशियन अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड, जिलों की सीमाओं के पुन: निर्धारण के संबंध में समुदाय समूहों के साथ मिलकर कार्य करेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एशियन अमेरिकन लोगों को अपनी पसंद के उ मीदवार चुनने के लिए पूरा और उचित अवसर मिले। जनगणना में एशियन अमेरिकन आबादी की पूरी और सही गिनती एक महत्वपूर्ण पहला कदम होता है। जनगणना में अपनी गिनती कराएं।

**अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें:** AALDEF से “votingrights@aaldef.org” या 212-966-5932 पर।

© 2011 AALDEF – Asian Americans & Political Representation - Redistricting Fact Sheet – Hindi